Tel : +91 33 6633 2000 / 2845, Fax : +91 33 2469 3731/2143
CIN : L74999WB1974PLC041725
Website : www.tilindia.in

Extract of Standalone Unaudited Financial Results for the 2nd Quarter & Six Months period ended 30th September, 2017

(₹ in Lakhs, except per share data)

	Particulars	Quarter Ended 30-Sept-2017 Unaudited	Six months Ended 30-Sept-2017 Unaudited	Quarter Ended 30-Sept-2016 Unaudited
1	Total Income from Operations	9,608	17,486	7,614
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	469	711	(1,053)
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	469	711	(1,053)
4	Net Profit / (Loss) from Ordinary activities after tax (after Extraordinary items)	374	555	(1,091)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	355	516	(1,066)
6	Equity Share Capital	1,003	1,003	1,003
7	Earnings per share (before and after extraordinary items) (of ₹10 each) [Not Annualised]			
	(a) Basic	3.73	5.53	(10.88)
	(b) Diluted	3.73	5.53	(10.88)

Notes :

1) The above Unaudited Financial Results, as reviewed by the Audit committee of the Board, were approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 2nd December, 2017. Limited Review, as required under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, has been carried out by the Statutory Auditors of the Company.

2) Consequent to the introduction of Goods and Service Tax (GST) with effect from 1st July, 2017, Central Excise, Value Added Tax etc. have been subsumed into GST. In accordance with IndAS - 18 on Revenue and Schedule III of the Companies Act 2013, unlike Excise Duty levies like GST, VAT etc. are not part of Revenue. Accordingly the figures for the period upto 30th June 2017 are not strictly relatable to those thereafter.

3) In June, 2016, the Company, vide its shareholders' approval, disposed off its Caterpillar dealership business, which was run through its subsidiaries. As part of aforesaid disposal, Tractors India Private Limited and Tractors Nepal Private Limited ceased to be subsidiaries of the Company on and from 1st April, 2016 and this resulted in an exceptional income of ₹ 25,245 lakhs.

4) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com / www.nseindia.com) and on the Company's website www.tilindia.in.

For TIL Limited
Sumit Mazumder
Chairman & Managing Director

Place : Kolkata
Date : 2nd December, 2017

TIL Tractors India

आइ-लीग में मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को हराया

कोलकाता, 3 दिसंबर, (भाषा)।

नाईजीरियाई खिलाड़ी ईजे किंगस्ले के हेडर से किए गोल की मदद से मोहन बागान ने रविवार को यहां आइ-लीग मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी ईस्ट बंगाल को 1-0 से मात दी। दर्शकों से खचाखच भरे साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मैन ऑफ द मैच किंगस्ले ने 40वें मिनट में सोनी नोर्डे के कार्नर से मारे गए शॉट को हेडर से गोल में बदल कर टीम को बढ़त दिला दी।

बागान के नोर्डे और अंशुमान खोमाह को भी गोल करने का मौका मिला लेकिन वे फायदा उठाने में कामयाब नहीं हो सके। हालांकि गोलकीपर शिलटन पॉल के नेतृत्व में टीम की रक्षापंक्ति ने ईस्ट बंगाल को गोल करने का मौका नहीं दिया।

कोच खालिद जामिल की टीम ईस्ट बंगाल का टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और टीम महज एक अंक पर बनी हुई है। रविवार के मैच में स्ट्राइकर विलिस प्लाजा भी कई मौकों को गोल में नहीं बदल सके। मैच के अतिरिक्त पांच मिनट के समय में भी प्लाजा को मौका मिला लेकिन वह उसमें भी सफल नहीं हुए। आइएसएल के मैचों के कारण इस मैच को दोपहर दो बजे खेला गया। लगभग 64,630 दर्शकों ने मैदान में मैच का लुत्फ उठाया।

साल्ट लेक स्टेडियम में आइ-लीग मुकाबले के दौरान मोहन बगान और ईस्त बंगाल के खिलाड़ी।

मोहन बागान के स्ट्राइकर डिका के टखने में चोट : मोहन बागान के फॉरवर्ड असेर पिरिक दिपांडा दिका को रविवार को यहां आइ-लीग में चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल पर मिली 1-0 की जीत के दौरान टखने में चोट लग गई। मोहन बागान के मुख्य कोच सेन ने मैच के बाद कहा कि उनका टखना चोटिल हो गया है और अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। हम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी यह पता नहीं चला है कि उनके टखने में फ्रेक्चर हुआ है या नहीं।

भारत के लिए प्रो लीग का दरवाजा खुला है : एफआइएच

भुवनेश्वर, 3 दिसंबर (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआइएच) को विश्वास है कि आठ बार का ओलंपिक चैंपियन भारत 2019 में शुरू हो रहे उसकी महत्वाकांक्षी प्रो लीग योजना से जुड़ेगा। इस टूर्नामेंट से भारत के पीछे हटने के बाद एफआइएच ने कहा कि लंबे समय तक बने रहने के लिए उसे भारत की जरूरत है।

एफआइएच के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैसन मैक्राकेन ने कहा कि भारत की मौजूदगी से हॉकी 'मजबूत' होती है। मैक्राकेन ने कहा कि भारत को प्रो लीग से जोड़कर एफआइएच को खुशी होगी। मुझे लगता है भविष्य में जब समय सही होगा भारतीय टीम इससे जुड़ेगी क्योंकि भारत के होने से हॉकी मजबूत होती है। यहां चल रहे विश्व हॉकी लीग के इतर मैक्रकेन ने कहा कि हम हमेशा हॉकी इंडिया से बात करते हैं। उनके लिए दरवाजा हमेशा खुला है। एक प्रक्रिया के तहत कोई भी टीम प्रो लीग से जुड़ सकती हैं।

जब उनसे प्रो लीग के पहले सत्र में भारतीय टीम के जुड़ने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दरवाजे अभी खुले हैं, हम कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर कुल 144 मैच होंगे इसलिए हमें कार्यक्रम को समायोजित करना होगा। इसके लिए एक प्रक्रिया है जिसे पूरा कर भारत ही नहीं दूसरे देश भी प्रो लीग से जुड़ सकते हैं। उन्होंने इसे ओलंपिक और विश्व कप के बाद सबसे बड़ा टूर्नामेंट बताते हुए कहा कि प्रो लीग में पुरुष और महिला वर्ग में नौ देश हैं जो घर और विदेश में एक दूसरे से भिड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह शानदार सफलता वाला होने वाला है क्योंकि सभी 144 मैच किसी टीम के घरेलू मैच होंगे।

दिल्ली और हिमाचल के बीच मैच ड्रॉ

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (भाषा)।

सुमित चिकारा के दोहरे शतक और कप्तान मयंक गुंसाई के शतक से पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने वाले दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ संतोषगढ़ में रविवार को ड्रॉ समाप्त हुए विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर -16 क्रिकेट टूर्नामेंट में तीन अंक हासिल किए।

चिकारा ने 261 रन की बड़ी पारी खेली जिसमें 36 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उन्होंने गुंसाई (168) के साथ चौथे विकेट के लिए 400 रन की साझेदारी की जिससे दिल्ली ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 503 रन बनाकर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में हिमाचल अमनप्रीत सिंह (109) के शतक के बावजूद 262 रन पर आउट हो गई और उसे फालोआन करना पड़ा। दिल्ली की तरफ से कमल बैरवा और सूर्य मलिक ने चार-चार विकेट लिए।

पहले कभी इस तरह की स्थिति का सामना नहीं किया : पोथास

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टैस्ट के दूसरे दिन यहां प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए श्रीलंका के कोच निक पोथास ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने इससे पहले कभी इस तरह की स्थिति का सामना नहीं किया।

अंडर-19 विश्व कप में भारत का नेतृत्व पृथ्वी को

- सोलह देशों के बीच होने वाला यह टूर्नामेंट 13 जनवरी से तीन फरवरी 2018 तक न्यूजीलैंड में खेला जाएगा।

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (भाषा)।

मुंबई के उदीयमान बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अलगे साल होने वाले अंडर-19 विश्व कप के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान चुना गया है। बीसीसीआइ के कार्यकारी सचिव अमिताभ चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जूनियर टीम के चयनकर्ताओ ने आइसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2018 के लिए टीम का चयन किया है। सोलह देशों के बीच होने वाला यह टूर्नामेंट 13 जनवरी से तीन फरवरी 2018 तक न्यूजीलैंड में खेला जाएगा।

पिछले साल की उपविजेता भारतीय टीम ने इस खिताब को 2000, 2008 और 2012 में जीता है। गत वर्ष बांग्लादेश में हुए विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम वेस्ट इंडीज के हाथों हार गई थी। भारत के अलावा आस्ट्रेलिया (1988, 2002 और 2010) ने भी इस खिताब को तीन बार अपने नाम किया है। टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए बंगलुरु में अभ्यास शिविर लगाया जाएगा। चौधरी ने कहा कि विश्व कप की तैयारियों के लिए आठ से 22 दिसंबर तक बंगलुरु में अभ्यास शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शॉ के अलावा बंगाल के पॉरेल को उनकी टीमों से रणजी मैच खेलने की छूट दी गई है और वे 12 दिसंबर से शिविर में जुड़ेंगे।

भारत अंडर-19 टीम : पृथ्वी शॉ (कप्तान), शुभम गिल (उप-कप्तान), मंजोत कालरा, हिमांशु राणा, अभिषेक शर्मा, ऋयान पराग, आर्यण जुयाल (विकेटकीपर), हार्विक देसाई (विकेटकीपर), शिवम मावी, कमलेश नागरकोटि, ईशान पॉरेल, अर्शदीप सिंह, अनूकुल रॉय, शिवा सिंह, पंकज यादव। स्टैंडबाई खिलाड़ी : ओम भोसले, राहुल चहर, निनाद राथवा, उर्विल पटेल और आदित्य ठाकरे।

चैरिटी मैच खेलने के लिए कार्रवाई से बच सकते हैं श्रीजेश

भुवनेश्वर, 3 दिसंबर (भाषा)।

पीआर श्रीजेश के विराट कोहली के चैरिटी फुटबॉल मैच में खेलने के फैसले की भले ही आलोचना हुई हो लेकिन भारत का यह हॉकी गोलकीपर कम से कम इस बार किसी अनुशासनात्मक कार्रवाई से बच सकते हैं।

भारतीय हॉकी टीम के नियमित कप्तान श्रीजेश ने इस साल अक्तूबर में 'सेलीब्रिटी क्लासिको' में खेलने का फैसला किया था जिसमें देश के शीर्ष खेल सितारे और बालीवुड सितारे भी थे। इसमें भारतीय क्रिकेट कप्तान कोहली और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी शामिल थे। इस दौरान श्रीजेश ब्रेक पर थे, लेकिन एक चीज उनके खिलाफ रही कि वह उस समय गंभीर चोट से उबर रहे थे और मई में अजलन शाह कप के बाद तब राष्ट्रीय टीम से बाहर थे। ऐसी रिपोर्ट आ रही थी कि टीम प्रबंधन को श्रीजेश का खेलना पसंद नहीं आया था लेकिन वह किसी भी कार्रवाई से बच सकते हैं क्योंकि हॉकी इंडिया ने अभी तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है।

एडलवेइस एसेट रीकन्स्ट्रक्शन क. लि.
CIN-U67100MH2007PLC174759
एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई-400098
Edelweiss Ideas create, values protect

"प्रतिभूत परिसम्पत्तियों" की ई-नीलामी बिक्री
खाता-एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के प्रावधानों के अंतर्गत
ऋणधारक द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सहायता के लिए गिरवी रखी गई मै. एडवांस एम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड (यहां के बाद "ऋणधारक" के रूप में वर्णित) तथा एसआरपी कास्टिंग प्राईवेट लिमिटेड (यहां के बाद "गारन्टर" के रूप में वर्णित) की निम्न प्रतिभूत परिसम्पत्तियों जिसका कब्जा एडलवेइस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड (यहां के बाद "ईएआरसी" के रूप में वर्णित) के प्राधिकृत अधिकारी (एओ) के पास है, की "जैसा है जहां है आधार", "जो भी वहां है आधार", "जो भी जैसा है आधार" तथा "कोई उपचार नहीं आधार" पर ई-नीलामी बिक्री के लिए प्रस्ताव आमंत्रित हैं:

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु. लाख)	धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. लाख)	बोली वृद्धि (रु. लाख)	प्रतिभूत परिसम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
लॉट 1: एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में खसरा नं. 475, 476, 484 में फैक्ट्री भूमि एवं भवन, माप 8,326 वर्ग मी. तथा एसआरपी कास्टिंग प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में खसरा नं. 475 एवं 476 में फैक्ट्री भूमि एवं भवन, माप 7,186 वर्ग मी. (यूनिट 1)	950.00	95.00	5.00	12 दिसंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. के बीच	8 जनवरी, 2018 को 4.00 बजे अप. से पूर्व	8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. से पूर्व	9 जनवरी, 2018 को 10.00 बजे पूर्वा. से 11.00 बजे पूर्वा. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ
लॉट 2: यूनिट 1 में प्लान्ट एवं मशीनरी	150.00	15.00	1.00	12 दिसंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. के बीच	8 जनवरी, 2018 को 4.00 बजे अप. से पूर्व	8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. से पूर्व	9 जनवरी, 2018 को 10.00 बजे पूर्वा. से 11.00 बजे पूर्वा. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ
लॉट 3: खसरा नं. 475, 476, 484 (एक साथ लॉट 1 एवं लॉट 2) में प्लान्ट एवं मशीनरी के साथ फैक्ट्री भूमि एवं भवन	1075.00	107.50	5.00	12 दिसंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. के बीच	8 जनवरी, 2018 को 4.00 बजे अप. से पूर्व	8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. से पूर्व	9 जनवरी, 2018 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ
लॉट 4: एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में खसरा नं. 690, 693 में फैक्ट्री भूमि एवं भवन, माप 13,955 वर्ग मी. (यूनिट II)	650.00	65.00	5.00	12 दिसंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. के बीच	8 जनवरी, 2018 को 3.00 बजे अप. से पूर्व	8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. से पूर्व	9 जनवरी, 2018 को 2.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ
लॉट 5: यूनिट II में प्लान्ट एवं मशीनरी	100.00	10.00	1.00	12 दिसंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. के बीच	8 जनवरी, 2018 को 4.00 बजे अप. से पूर्व	8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. से पूर्व	9 जनवरी, 2018 को 3.00 बजे अप. से 4.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ
लॉट 6: खसरा नं. 690, 693 (लॉट 4 एवं लॉट 5 एक साथ) में फैक्ट्री भूमि एवं भवन तथा प्लान्ट एवं मशीनरी	735.00	73.50	5.00	12 दिसंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. के बीच	8 जनवरी, 2018 को 4.00 बजे अप. से पूर्व	8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. से पूर्व	9 जनवरी, 2018 को 4.00 बजे अप. से 5.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण:
लॉट 1: एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में ग्राम चिजर्सी कुलिच नगर, पिलुखवा, गाजियाबाद, उ.प्र. में खसरा नं. 475, 476, 484 में फैक्ट्री भूमि एवं भवन तथा एसआरपी कास्टिंग प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में ग्राम चिजर्सी कुलिच नगर, पिलुखवा, गाजियाबाद, उ.प्र. (यूनिट 1) में खसरा नं. 475, 476 में फैक्ट्री भूमि एवं भवन, माप 7,186 वर्ग मी.
लॉट 2: उपरोक्त यूनिट 1 में एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में प्लान्ट एवं मशीनरी
लॉट 3: लॉट 1 एवं लॉट 2 एक साथ
लॉट 4: ग्राम खेरा- देहात पिलुखवा, गाजियाबाद (यूनिट 1) में खसरा नं. 690, 693 में एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में फैक्ट्री भूमि एवं भवन, माप 13,955 वर्ग मी.
लॉट 5: उपरोक्त यूनिट II में एडवांस इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में प्लान्ट एवं मशीनरी
लॉट 6: लॉट 4 एवं लॉट 5 एक साथ।

बोली दस्तावेज में वर्णित नियमों एवं शर्तों का सारांश
1. प्रतिभूत परिसम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री "जैसा है जहां है", "जो भी वहां है", "जैसा है जो भी है" आधार पर तथा उपचार रहित आधार पर की जाएगी जो प्रतिभूत क्रैडीटर अर्थात् ईएआरसी (ईएआरसी ट्रस्ट-एससी 30 के ट्रस्टी की हैसियत में) की ओर से होगी।
2. प्रतिभूत परिसम्पत्ति के संदर्भ में आगे के ब्याज तथा उस पर अन्य खर्चे/ लागतों के साथ 18 मई, 2016 को रु. 1,15,63,65,635/- (रुपए एक सौ पन्द्रह करोड़ तिरेसठ लाख पैंसठ हजार छः सौ पैंतीस मात्र) की राशि बकाया है तथा उसमें उक्त तिथि के बाद भारतीय स्टेट बैंक (ईएआरसी के एसाईनर)/ ईएआरसी द्वारा वसूल की गई राशि घटाई जायेगी।
3. यदि अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय समाचार पत्र में बिक्री सूचना के प्रकाशन के बीच कोई असंगति होती है तो अंग्रेजी समाचार पत्र को क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र पर तरजीह दी जाएगी तथा असंगति को दूर करने के लिये उसे निर्णायक कॉपी माना जायेगा।
4. यदि लॉट 3 के लिये बोली प्राप्त होती है तो लॉट 1 तथा लॉट 2 के लिये प्राप्त पृथक बोलियों के ऊपर लॉट 3 को वरीयता दी जायेगी तथा इसी प्रकार यदि लॉट 6 के लिये बोली प्राप्त होती है तो लॉट 4 एवं लॉट 5 के लिये प्राप्त पृथक बोलियों के ऊपर लॉट 6 के लिये बोलियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. बिक्री के सामान्य नियमों एवं शर्तों से शामिल बोली दस्तावेज 6 दिसम्बर, 2017 से 8 जनवरी, 2018 तक https://edelweissarc.auctiontiger.net से प्राप्त की जा सकती है।
6. ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए 8 जनवरी, 2018 को 5.00 बजे अप. या उससे पूर्व खाता सं. 0004103000054719, आईडीबीआई बैंक, मित्तल कोर्ट, नरीमन प्वाइन्ट, मुम्बई, आईएफएससी कोड नं. IBKL0000004 में आरटीजीएस/ एनईएफटी द्वारा देय ईएमडी (जो आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर है) के साथ बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रति, कम्पनी के मामले में बोर्ड के प्रस्ताव, फोटो आईडी, पते के प्रमाण की प्रति जमा की जाएगी। एक बार ऑन लाइन बोली जमा कर देने के बाद उसे वापस नहीं ली जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री स्वतः विस्तार उपबंध अर्थात यदि ई-नीलामी की समाप्ति से पूर्व बोली की जाती है तो ई-नीलामी का समय प्रति वार 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा, के साथ ऊपर तालिका में निर्दिष्ट तिथि एवं समय तक उनकी वेबसाईट/ पोर्टल https://www.edelweissarc.auctiontiger.net पर ई-नीलामी एजेन्सी मै. ई-प्रॉक्योर्मेन्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा एडलवेइस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड, कलीना, मुंबई-400098 के परिसर में इलेक्ट्रॉनिक सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से की जाएगी।
7. ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दी जाएगी। निर्धारित अवधि में सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में दूसरे उच्चतम बोलीदाता द्वारा जमा की गई बोली पर विचार करने के उद्देश्य से एओ द्वारा दूसरे उच्चतम बोलीदाता की ईएमडी बोली खुलने की तिथि से 2 माह तक अपने पास सुरक्षित रखी जायेगी। अन्य बोलीदाताओं की ईएमडी बोली खुलने की तिथि से 10 दिनों के भीतर उन्हें वापस लौटा दी जायेगी।
8. बोलीदाता अपनी पसंद के कार्यालय/ स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक बोलीदाता को स्वयं ही इन्टरनेट कनैक्टिविटी की व्यवस्था करनी होगी। इन्टरनेट कनैक्टिविटी, नेटवर्क की समस्या, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फैल्योर आदि के लिए प्राधिकृत अधिकारी एवं/अथवा सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे। विवरणों, सहायता, ई-नीलामी की प्रक्रिया तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता मै. ई-प्रॉक्योर्मेन्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (Auction Tiger): संपर्क संख्याः +917941072508/ 22/ 23/ 24/ 25/ 26/ 27, टोल फ्री नम्बरः 1800 103 5342; whatsapp: +91 9374519724, 8460706833, ई-मेल आईडीः Support@auctiontiger.net तथा Prakash@auctiontiger.net से संपर्क कर सकते हैं।
9. सफल बोलीदाता को बिक्री की पुष्टि के तत्काल बाद उसी दिन अथवा अधिकतम अगले कार्य दिवस, जैसा भी मामला हो, तक (जमा ईएमडी राशि को घटाकर) 25% बिक्री मूल्य का भुगतान करना होगा। शेष बिक्री मूल्य का भुगतान बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15वें दिन के भीतर किया जाएगा। निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक करने पर जमा की गई ईएमडी/ राशि जब्त कर ली जाएगी तथा इस संदर्भ में ईएआरसी के प्रति किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. एओ को बिना किसी पूर्व सूचना के एवं/ अथवा उसका कारण बताए बिना किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या निरस्त करने अथवा बिक्री को स्थगित या निलंबित करने /बिक्री के नियमों एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त है। बोली निरस्त होने की स्थिति में प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये एओ किसी भी बोलीदाता अथवा अन्य पार्टियों से विचार-विमर्श कर सकते हैं। एओ का निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
11. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि अपनी बोली जमा करने से पूर्व नीलामी पर रखी गई परिसम्पत्तियों की अपने स्वयं के हित में जांच कर लें तथा उक्त परिसम्पत्तियों की प्रकृति एवं स्थिति तथा उपरोक्त परिसम्पत्तियों के अन्य संबंधित विवरणों के विषय में स्वयं को संतुष्ट कर लें।
12. बोली दस्तावेज में वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति प्रतिभूत क्रेडीटर के पक्ष में ऋणधारक द्वारा निर्मित चार्जेज/ मॉर्टगेजेज पर आधारित है। इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विवरणों की जाँच कर लें।
13. प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री केवल प्रतिभूत क्रेडीटर के चार्जेज तथा अधिभारों से रहित की जा रही है।
14. सफल बोलीदाता को स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण खर्चे, अनुषांगिक खर्चे, लागतों सहित बिक्री कर तथा परिसम्पत्तियों की बिक्री तथा अंतरण से संबंधित करों जैसे सभी आवश्यक खर्चे का वहन करना होगा।
15. प्रतिभूत परिसम्पत्ति के संदर्भ में कोई ज्ञात सांविधिक देयता नहीं है। यदि बाद में इस प्रकार की कोई सांविधिक देयता की जानकारी मिलती है तो उसका निपटारा सफल बोलीदाता को स्वयं की लागत तथा खर्चे पर करना होगा।
16. प्रतिभूत परिसम्पत्ति के संदर्भ में सरकार अथवा किसी अन्य व्यक्ति के किसी चार्ज, लिअन, अधिभार, सम्पत्ति कर तथा किसी अन्य शुल्क के लिए ईएआरसी अथवा ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी देनदार नहीं होंगे।
17. प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री सरफैसी अधिनियम तथा नियमावली 2002 तथा उसमें वर्णित निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा उपरोक्त शर्तों के अधीन होगी।
18. प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत ऋणधारक/ गारन्टर इसे 30 दिनों की बिक्री सूचना मानें। एतद्द्वारा ऋणधारकों तथा गारन्टरों को इस सूचना की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी सम्पूर्ण देयताओं को निष्पादित करने तथा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की गिरवी को विमोचित करने का अंतिम तथा निर्णायक अवसर दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर उपरोक्त नियमों एवं शर्तों पर उसकी बिक्री कर दी जाएगी।
19. ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्ति को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।
किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिये कृपया सम्पर्क करें: 88282 19649/ 9819099457

हस्ता./-
तिथि: 4 दिसम्बर, 2017 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: मुम्बई — एडलवेइस एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

Noesis Industries Limited
(Formerly MVL Industries Limited)
CIN- L32109DL1986PLC026273
Regd. Office: 1201 B, 12th Floor, Hemkunt Chamber, 89 Nehru Place, New Delhi-110019

NOTICE
Pursuant to Regulation 29 & 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, the 11th December, 2017 at Edifice Business Centre situated at iPark, Near Red Cross Society, Chandan Nagar, Sector-15 (II), Gurgaon – 122001, inter-alia to consider and approve the Un-audited Financial Results for the Quarter & Half Year ended 30th September, 2017.

By order of the Board of Directors
For Noesis Industries Limited
Sd/-
Prem Adip Rishi
(Managing Director)
Dated: 02/12/2017
Place : New Delhi

सार्वजनिक सूचना
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 (5)(ए) के मामले में
तथा
श्री कंचनवन कैपिटल एंड फाइनांस क. प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 201/2, वेस्ट ज्योति नगर, कदमपुरी, शाहदरा, नई दिल्ली-110032 में है, के मामले में
----------आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 29 नवम्बर, 2017 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर उसे जमा करें या उपरोक्त पते पर उसके पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, दीनदयाल अन्त्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

श्री कंचनवन कैपिटल एंड फाइनांस क. प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान: नई दिल्ली — मुकेश कुमार
तिथि: 30.11.2017 — निदेशक

कोटेशन सूचना
युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया एक कारपोरेट खाते की फॉरेंसिक लेखा परीक्षा संचालित करने के लिए अनुमोदित फॉरेंसिक लेखा परीक्षकों से इलेक्ट्रोनिक प्लेटफॉर्म में कोटेशन आमंत्रित करता है। कोटेशन की शर्तों के ब्यौरा के लिए कृपया "टेंडर पृष्ठ" के अंतर्गत बैंक का वेबसाइट www.unitedbankofindia.com देखें।
कोलकाता
04.12.2017 — सहायक महाप्रबंधक (सी एफ बी कोलकाता)
युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (भारत सरकार का उपक्रम) — United Bank of India (A Govt. of India Undertaking) The Bank that begins with U
Head Office : 11, Hemanta Basu Sarani, Kolkata - 700 001
www.unitedbankofindia.com

रामयश रामनिधि उ.मा. विद्यालय मझगवॉ, सूरापुर, सुलतानपुर
पत्रांकः 53/ 2017-18 — दिनांकः 03.12.17
आवश्यकता है
अशासकीय सहायता प्राप्त रामयश निधि उ.मा. विद्यालय मझगवॉ सूरापुर सुलतानपुर में सहायक अध्यापक के तीन पद रिक्त हैं। पदों की संख्या-03 जिसमें 02 पद अनारक्षित 01 पद अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए आरक्षित/ अनारक्षित 02 पदों में एक पद विज्ञापन अध्यापक/ जिसके लिए विज्ञान विषय में स्नातक उपाधि आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता- स्नातक के साथ बी.टी.सी./ जे.टी.सी./ एच.टी.सी./ टी.सी. या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. उपाधि एवं जूनियर स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी/ सीटीईटी) उत्तीर्ण। आयु न्यूनतम 21 वर्ष वेतनमान शासन द्वारा निर्धारित वेतनक्रम। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों/ अंक पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न कर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक से प्रबंधक के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार दिनांक 23.12.2017 को दिन में 11 बजे विद्यालय प्रांगण में होगा। उक्त के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
प्रबंधक
रामयश-रामनिधि उ.मा. विद्यालय
मझगवॉ सूरापुर, सुलतानपुर (उ.प्र.)

[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष
कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 (6)(ए) के मामले में
तथा
मिरई बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 24/29, पुराना राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060 में है, आवेदक के मामले में।

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि राज्य में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 5.9.2017 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे नीचे वर्णित पते पर उसके पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति बी-2 विंग, 2रा तल, दीनदयाल अन्त्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

मिरई बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड
पंजी. कार्या. 24/29, ओल्ड राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060
कृते एवं के लिए
मिरई बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड
मोहम्मद अब्दुलाह मुश्ताक
तिथि: 4.12.2017 — निदेशक
स्थान: नई दिल्ली — DIN: 03610693
पता: 43, हेवात रोड, शक्कू कम्पाउण्ड, शिवाजी मार्ग, लखनऊ, उ.प्र.-226001

MVL Limited
CIN No.: L45200DL2006P